# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–26 सितम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- उपराष्ट्रपति ने ग्रेटर नोएडा में किया अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले का शुभारंभ, कहा–वैश्विक निवेश की दृष्टी से भारत विश्व का पसंदीदा देश।
- केंद्र सरकार की प्रमुख पहल मेक इन इंडिया के सौ वर्ष पूरे, प्रधानमंत्री ने कहा–इस पहल का असर दिखाता है कि भारत अजेय है।
- महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए होगा एआई तकनीक का इस्तेमाल, दस नवम्बर के पहले तैयारियां पूरी करने के निर्देश।
- कल कानपुर में भारत और बांग्लादेश के बीच होगा टेस्ट सिरीज का दूसरा और आखिरी मैच।

**********

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने कहा है कि भारत अब विश्व की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और वैश्विक निवेश की दृष्टि से भी पसंदीदा देश है। प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में दूसरे उत्तर प्रदेश अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला–2024 के शुभारंभ के अवसर पर कल उन्होंने कहा कि भारत लगभग चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है और अगले दशक में इसकी विकास दर आठ प्रतिशत रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि उत्तरप्रदेश में भी हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हुए बेहतरीन विकास के कारण आज दुनिया भर के निवेशक उत्तर प्रदेश की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री के अभियान में उत्तर प्रदेश भी एक ट्रिलियन की इकॉनॉमी बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

***उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा आबादी का राज्य तो है ही लेकिन यह एमएसएमई की सर्वाधिक यूनिट रखने वाला राज्य है। एक सर्वे के अनुसार लगभग छियान्नवे लाख एमएसएमई यूनिट यूपी के 75 जनपदों में फैला हुआ है और यह छियान्नवे लाख एमएसएमई यूनिट उत्तर प्रदेश में कृषि के बाद सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र है यह वही यूपी है जो आज से सात वर्ष पहले देश के विकास का बैरियर माना जाता था। आज यह देश के विकास का एक ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा है।***

इस मौके पर केन्द्रीय सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर भारत से निर्यात में पैंतालिस प्रतिशत का योगदान देता है। उत्तर प्रदेश में देश की 14 प्रतिशत एमएसएमई इकाइयां स्थापित हैं, जिनसे देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलता है।

हमारे संवाददाता ने बताया कि उन्तीस सितम्बर तक चलने वाले इस आयोजन में वियतनाम साझेदार देश है। इसमें सत्तर से अधिक देशों के तीन सौ पचास प्रदर्शक भाग ले रहे हैं।

**********

प्रदेश के कृषि क्षेत्र में नवाचारों को प्रोत्साहित करने के लिए लखनऊ में 15 से 18 नवंबर के बीच कृषि भारत मेले का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में पार्टनर कंट्री के रूप में नीदरलैंड को सम्मिलित किया गया है। इसमें 200 से ज्यादा कृषि क्षेत्र से जुड़े स्टाल लगाये जायेंगे। साथ ही एक लाख से अधिक किसान भी इस आयोजन में शिरकत करेंगे।

**********

केन्द्र सरकार की प्रमुख पहल मेक इन इंडिया को कल दस साल पूरे हो गये। इस अवधि के दौरान सरकार ने कई प्रमुख योजनाएं लागू की हैं। इन कार्यों से भारत के विनिर्माण परिदृश्य में क्रांति आई है और हमारी आर्थिक व्यवस्था मजबूत हुई । पेश है एक रिपोर्ट–

***मेक इन इंडिया पहल ने भारत के मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर को एक नई ताकत दी है। अंतरिक्ष से लेकर सेमीकंडक्टर तक और इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक, मेक इन इंडिया की कामयाबी दिखाई दे रही है। इस पहल का ही नतीजा है कि भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता देश बन गया है, इससे मोबाइल फोन के आयात में लगभग 85 प्रतिशत की गिरावट आई है। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं में अलग–अलग सेक्टरों में 1 लाख 28 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश को मुमकिन बनाया है। पिछले एक दशक में, भारत ने हर घंटे एक स्टार्टअप शुरू किया है जिससे लगभग 15 लाख नौकरियां पैदा हुई हैं। वहीं, आधुनिक सुविधाओं से लैस भारत की पहली स्वदेशी सेमी–हाई–स्पीड ट्रेन वंदे भारत यात्रियों को बेहतरीन अनुभव दे रही है। वहीं, यूपीआई की सफलता ने भारत को डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में अग्रणी देश बना दिया है। पल्लवी परमार के साथ भूपेन्द्र सिंह, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मेक इन इंडिया पहल ने देश की युवा शक्ति को बड़े सपने देखने के लिए पंख दिए हैं। उन्होंने कहा, इस पहल का असर दिखाता है कि भारत अजेय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेक इन इंडिया की छाप सभी क्षेत्रों में दिखाई देने लगी है।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कल वाराणसी के महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के 46 वे दीक्षांत समारोह में अध्यक्षता की। उन्होंने समारोह में 18 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किये। दीक्षांत समारोह में कुल सन्तानबे हजार दो सौ बावन डिग्रियां और उपाधियां वितरित हुईं, जिनको कुलाधिपति ने बटन दबाकर डिजिलॉकर पर अपलोड किया।

**********

वर्ष दो हजार पचीस में प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ में भीड़ को नियंत्रित करने और लोगों की सुरक्षा के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एआई तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। यह जानकारी प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने दी। उन्होंने कल प्रयागराज में प्रस्तावित महाकुंभ की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। प्रमुख सचिव ने कहा कि महाकुंभ में करीब पच्चीस करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। उनकी सुविधा और महाकुंभ को भव्य बनाने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। अधिकारियों को दस नवम्बर के पहले तैयारियां पूरी कर लेने के लिए कहा गया है।

**********

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के शुरूआती 100 दिनों में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए कृषि के क्षेत्र में कई बड़े फैसले लिए गए है। इस अवधि में किसान सम्मान निधि, स्टार्ट–अप और 'एग्रीश्योर फंड' के माध्यम से किसानों को लाभ पहुंचाया गया है। मेरठ में सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एंव प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट निदेशक प्रोफेसर आर.एस. सेंगर ने कहा है कि किसानों के लिए सरकार ने जो कदम उठाए है उनसे देश के अन्नदाताओं को प्रोत्साहन मिला है।

***ड्रिप इरिगेशन के बारे में बात हो या सड़कों का जाल जो गाँव में बिछाया जा रहा है उसकी बात करे या ई–मार्केटिंग की बात करते हैं तो इन सब चीजों की तरफ हम देखते हैं तो किसानों के लिए यह काफी लाभकारी योजनाएं थी जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है साथ साथ एमएसपी पर जिन फसलों को खरीदा जाना था समय पर उनको खरीदा गया और किसानों को उसकी अच्छी कीमत भी मिल सकी है। इसके अलावा प्राकृतिक खेती और जो अन्य खेती करनी है उसपे भी भारत सरकार ने विशेष जोर दिया है। कृषि विधिकरण को बढ़ाने के लिए सरकार काफी काम कर रही है जिससे किसानों का चहुमुखी विकास हो सके।***

**********

मानव वन्य जीव संघर्ष को रोकने के लिए पीलीभीत टाइगर रिजर्व प्रशासन ने एक स्वयंसेवी संस्था के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि इसके तहत संस्था की मदद से थर्मल ड्रोन उपलब्ध कराया जाएगा और साथ ही स्ट्रीट लाइट भी लगाई जाएंगी।

***आज गुड़गांव की संस्था एम टेक फाउंडेशन के साथ एमओयू किया गया। जिसके अंतर्गत पहले चरण में जो वन चौकी स्थित हैं। वहां पर सोलर लाईट लगाई जाएगी तथा पूरे देश से पंद्रह स्टूडेंट का एक वालेंटियर तैयार किया जाएगा। उसकी ट्रेनिंग नवम्बर माह में करायी जाएगी।***

**********

कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में कल से भारत और बांग्लादेश टेस्ट मैच सीरीज़ का दूसरा और आखरी मैच खेला जाएगा। इसके लिए मेजबान और मेहमान टीमें कल कानपुर पहुंच गई।

**********

अंत्योदय के प्रणेता, चिंतक और विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 108वीं जयंती कल पूरे प्रदेश में मनाई गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय की दृष्टि और विजन के कारण गांव, गरीब, किसान व महिलाएं राजनीतिक दलों के एजेंडे के हिस्सा बने।

**********